उत्तर प्रदेश में 2028 तक पर्यटन में पाँच गुना वृद्धि का लक्ष्य

चर्चा में क्यों

सूत्रों के अनुसार, **उत्तर प्रदेश सरकार पर्यटन स्थलों और बुनियादी ढाँचे का पुनरुद्धार कर रही है,** जिसका लक्ष्य **वर्ष 2028 तक पर्यटन को पाँच गुना बढ़ाना है।**

इसका लक्ष्य 70,000 करोड़ रुपए का सकल मूल्यवर्द्धन (GVA) **प्राप्त करना और 80 करोड़ पर्यटकों को आकर्षित करना है।**

मुख्य बिंदु

- **राज्य सरकार राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु पिछले साढ़े सात वर्षों से पर्यटन स्थलों के पुनरोद्धार और परिवहन बुनियादी ढाँचे को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।**
  - **इस पहल के परिणामस्वरूप पर्यटकों की संख्या में पर्याप्त वृद्धि हुई है तथा वर्ष 2023 में 48 करोड़ से अधिक पर्यटकों ने उत्तर प्रदेश की मनोरम सुंदरता का आनंद उठाया।**
- काशी, अयोध्या, मथुरा, चित्रकूट, प्रयागराज, नैमिषारण्य और गोरखपुर जैसे आध्यात्मिक महत्त्व के शहरों में पर्यटन बढ़ा है।
  - सरकार इन शहरों में उच्चस्तरीय बुनियादी ढाँचे में सुधार कर रही है और पर्यटकों को विभिन्न स्थलों की खोज करने हेतु प्रेरित कर रही है।
  - एक ज़िला, एक उत्पाद (One District, One Product- ODOP)**पहल यात्रियों को स्थानीय उत्पादों को दिखाने में महत्त्वपूर्ण है।**
- **सरकार होटल, गेस्ट हाउस और होमस्टे की पहुँच बढ़ाने पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है।**
  - इसके साथ ही, वे पर्यटकों की बढ़ती संख्या की आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु **सरकारी पर्यटक और राही बंगलों को पुनर्जीवित** करने की योजना बना रहे हैं।

एक ज़िला एक उत्पाद (ODOP) पहल

- ODOP देश के प्रत्येक ज़िले के एक उत्पाद को बढ़ावा देने और ब्रांडिंग करके **ज़िला स्तर पर आर्थिक विकास को बढ़ावा देने की एक पहल** है।
- इसका उद्देश्य **प्रत्येक ज़िले की स्थानीय क्षमता, संसाधनों, कौशल और संस्कृति का लाभ उठाना** तथा घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों में उनके लिये **एक विशिष्ट पहचान बनाना** है।
- ODOP की अवधारणा **पहली बार उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जनवरी 2018** में शुरू की गई थी।
- **देश के सभी 761 ज़िलों से 1000 से ज़्यादा उत्पादों का चयन किया गया है।** इस पहल में **कपड़ा, कृषि प्रसंस्कृत सामान, फार्मास्यूटिकल्स और औद्योगिक वस्तुओं** सहित कई क्षेत्रों को **शामिल किया गया है।**
- इसके अलावा, जनवरी 2023 में **स्विट्ज़रलैंड के दावोस** में **विश्व आर्थिक मंच** में **भारतीय मंडप** में कई ODOP उत्पाद प्रदर्शित किये गए।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/up-targets-five-fold-growth-in-tourism-by-2028